उत्तर प्रदेश शासन
लोक निर्माण अनुभाग-3
संख्या-05/2024/251/23-3-2024-22(ईएस)/2023
लखनऊ, दिनांक: 01 फरवरी, 2024

कार्यालय-ज्ञाप

तात्कालिक प्रभाव से उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में अधिशासी अभियन्ता (सिविल) के पद पर कार्यरत श्री योगेन्द्र सिंह (ज्येष्ठता क्रमांक-2155) को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अधीक्षण अभियन्ता (सिविल) के पद पर वेतनमान रू0 37,400-67,000/- एवं ग्रेड वेतन रू0 8700/- (पे मैट्रिक्स लेवल-13) में नियमित पदोन्नति प्रदान किये जाने की श्री राज्यपाल एतद्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- श्री योगेन्द्र सिंह, प्रमुख अभियन्ता (ग्रामीण सड़क), लोक निर्माण विभाग कार्यालय में योगदान आख्या प्रस्तुत करेंगे।

3- श्री योगेन्द्र सिंह की तैनाती के आदेश पृथक से निर्गत किये जायेंगे।

कामता प्रसाद सिंह,
विशेष सचिव।

संख्या-05/2024/251(1)/23-3-2024, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी/मा0 राज्य मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0शासन।
3. निजी सचिव, प्रमुख सचिव/विशेष सचिव, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0शासन।
4. प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष/प्रमुख अभियन्ता (परिकल्प एवं नियोजन) लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
5. प्रमुख अभियन्ता (ग्रामीण सड़क), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपलब्ध रिक्त पद पर कार्यभार ग्रहण करना सुनिश्चित करें।
6. निदेशक, राजकीय मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0, प्रयागराज को सरकारी गजट के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ।
7. सम्बन्धित अधिकारी द्वारा प्रमुख अभियन्ता (ग्रामीण सड़क), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राजेश प्रताप सिंह)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in